# अध्याय 8

# दीपक एवं लेवियों का शुद्धिकरण

अध्याय 6 के समान, इस अध्याय में भी दो विषयों पर चर्चा **की गई** है। यह दीपक की स्थापना (8:1-4) एवं लेवियों का अर्पण है (8:5-26)। इन दोनों विषयों में एक बात सामान्य हैः दोनों का संबंध निवासस्थान से है। दीपक से निवासस्थान में रोशनी होती है, और लेवी निवासस्थान में सेवा किया करते थे (8:24)।

## दीपक (8:1-4)

**[1]फिर यहोवा ने मूसा से कहा, [2]"हारून को समझाकर यह कह कि जब जब तू दीपकों को जलाए तब तब सातों दीपकों का प्रकाश दीवट के सामने हो।" [3]इसलिए हारून ने वैसा ही किया, अर्थात् जो आज्ञा यहोवा ने मूसा को दी थी उसी के अनुसार उसने दीपकों को जलाया कि वे दीवट के सामने उजियाला दें। [4]और दीवट की बनावट ऐसी थी, अर्थात् यह पाए से लेकर फूलों तक गढ़े हुए सोने का बनाया गया था; जो नमूना यहोवा ने मूसा को दिखलाया था उसी के अनुसार उसने दीवट को बनाया।**

**आयतें 1-4.** आरंभ में, इस अध्याय का केन्द्र बिंदु **दीपक** है जो निवासस्थान के पवित्र स्थान में स्थापित किया गया था। इसके निर्माण के संबंध में निर्गमन 25:31-40 में निर्देश दिया गया है, और निर्माण की विस्तृत जानकारी निर्गमन 37:17-24 में पाई जाती है। निर्गमन 40:24, 25 के अनुसार, यह निवासस्थान में रखा गया था, और इसकी बत्ती कतरी जाती थी। गिनती 8:1-4 बताता है कि परमेश्वर के निर्देशानुसार यह किस तरह निवासस्थान में रखा गया था। मूसा को हारून को यह समझाने के लिए निर्देश दिया गया था कि **"जब जब तू दीपकों को जलाए तब तब सातों दीपकों का प्रकाश दीवट के सामने हो।"** हारून ने परमेश्वर की आज्ञा का पालन किया। वस्तुतः आयत 3 कहता है हारून ने **उसी के अनुसार दीपकों को जलाया कि वे दीवट के सामने उजियाला दें**, यह इस बात का अतिरिक्त प्रमाण है कि गिनती की पुस्तक के इस भाग का संबंध उस दिन से है जब निवासस्थान को खड़ा किया गया था, जो अध्याय 1 की गिनती से एक महीना पहले था। दीपक का विश्लेषण करते हुए अनुच्छेद समाप्त होता है जो यह बताता है कि **जो नमूना यहोवा ने मूसा को दिखलाया था उसी के अनुसार उसने दीवट को बनाया,** जो **पाए से लेकर फूलों तक गढ़े हुए सोने का बनाया गया था।**

परमेश्वर की आज्ञा की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि निर्गमन 25:37 के निर्देशानुसार दीपदान पर एक-एक दीपक ऐसे लगाए जाएं ताकि "दीपदान के सम्मुख रोशनी रहे।" निवासस्थान में रोशनी का एकमात्र साधन दीपदान पर लगे ये सात दीपक ही थे। परमेश्वर की यह आज्ञा थी कि ये दीपक निरंतर जलते रहें (लैव्य. 24:1-4) और उनको ऐसे व्यवस्थित किया जाना चाहिए था कि वे पवित्र स्थान में पाए जाने वाले अन्य फर्नीचर को भी रोशनी दे सके: रोटी रखने की मेज और धूप जलाने की वेदी इत्यादि को रोशनी दे सके।

यह अनुच्छेद यहाँ क्यों सम्मिलित किया गया है, इसके बारे में निश्चित् रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता है। 7:89 के समान, ये आयतें पहले दी गई प्रतिज्ञा या आज्ञा की पूर्ति की ओर संकेत करते हैं।[1] लेखक के लिए "गोत्रों के प्रधानों ने वेदी की सेवा के शुद्धिकरण के लिए जो किया था, उसका वृतांत ... और लेवियों का पवित्र स्थान में सेवा का विधिपूर्ण उद्घाटन का वृतांत के बीच" हारून का परमेश्वर की आज्ञा मानने का विश्लेषण यथोचित था।[2] यहाँ दीपक के बारे में विश्लेषण का जो भी विशिष्ट कारण रहा हो, इस भाग में हारून का निवासस्थान में दीपकों की स्थापना करने के वृतांत पर विशेष जोर दिया गया है।

## लेवियों का शुद्धिकरण (8:5-26)

**[5]फिर यहोवा ने मूसा से कहा, [6]"इस्राएलियों के मध्य में से लेवियों को अलग लेकर शुद्ध कर। [7]उन्हें शुद्ध करने के लिए तू ऐसा कर कि पावन करने वाला जल उन पर छिड़क दे, फिर वे सर्वांग मुण्डन कराएँ, और वस्त्र धोएँ, और वे अपने को शुद्ध करें। [8]तब वे तेल से सने हुए मैदे के अन्नबलि समेत एक बछड़ा ले लें, और तू पापबलि के लिए एक दूसरा बछड़ा लेना। [9]और तू लेवियों को मिलापवाले तम्बू के सामने पहुँचाना, और इस्राएलियों की सारी मण्डली इकट्ठा करना। [10]तब तू लेवियों को यहोवा के आगे समीप ले आना, और इस्राएली अपने अपने हाथ उन पर रखें, [11]तब हारून लेवियों को यहोवा के सामने इस्राएलियों की ओर से हिलाई हुई भेंट करके अर्पण करे कि वे यहोवा की सेवा करनेवाले ठहरें। [12]तब लेवीय अपने अपने हाथ उन बछड़ों के सिरों पर रखें; और तू लेवियों के लिए प्रायश्चित करने को एक बछड़ा पापबलि और दूसरा होमबलि करके यहोवा के लिए चढ़ाना। [13]और लेवियों को हारून और उसके पुत्रों के सम्मुख खड़ा करना, और उनको हिलाने की भेंट के लिए यहोवा को अर्पण करना।**

**[14]"इस प्रकार तू उन्हें इस्राएलियों में से अलग करना, और वे मेरे ही ठहरेंगे। [15]और जब तू लेवियों को शुद्ध करके हिलाई हुई भेंट के लिए अर्पण कर चुके, उसके बाद वे मिलापवाले तम्बू सम्बन्धी सेवा टहल करने के लिए अन्दर आया करें। [16]क्योंकि वे इस्राएलियों में से मुझे पूरी रीति से अर्पण किए हुए हैं; मैं ने उनको सब इस्राएलियों में से एक एक स्त्री के पहिलौठे के बदले अपना कर लिया है। [17]इस्राएलियों के पहिलौठे, चाहे मनुष्य के हों चाहे पशु के, सब मेरे हैं; क्योंकि मैं ने उन्हें उस समय अपने लिए पवित्र ठहराया जब मैं ने मिस्र देश के सब पहिलौठों**

**को मार डाला। [18]और मैं ने इस्राएलियों के सब पहिलौठों के बदले लेवियों को लिया है। [19]उन्हें लेकर मैं ने हारून और उसके पुत्रों को इस्राएलियों में से दान करके दे दिया है, कि वे मिलापवाले तम्बू में इस्राएलियों के निमित्त सेवा-कार्य और प्रायश्चित किया करें, कहीं ऐसा न हो कि वह इस्राएली पवित्रस्थान के समीप आएँ तब उन पर कोई महाविपत्ति आ पड़े।"**

**[20]लेवियों के विषय यहोवा की यह आज्ञा पाकर मूसा और हारून और इस्राएलियों की सारी मण्डली ने उनके साथ ठीक वैसा ही किया। [21]लेवियों ने तो अपने को पाप से शुद्ध किया, और अपने वस्त्रों को धो डाला; और हारून ने उन्हें यहोवा के सामने हिलाई हुई भेंट के निमित्त अर्पण किया और उन्हें शुद्ध करने को उनके लिए प्रायश्चित भी किया। [22]और उसके बाद लेवीय हारून और उसके पुत्रों के सामने मिलापवाले तम्बू में अपना अपना सेवा-कार्य करने गए; और जो आज्ञा यहोवा ने मूसा को लेवियों के विषय में दी थी उसी के अनुसार वे उनसे व्यवहार करने लगे।**

**[23]फिर यहोवा ने मूसा से कहा, [24]"जो लेवियों को करना है वह यह है, कि पच्चीस वर्ष की आयु से लेकर उससे अधिक आयु में वे मिलापवाले तम्बू सम्बन्धी काम करने के लिए भीतर उपस्थित हुआ करें; [25]और जब पचास वर्ष के हों तो फिर उस सेवा के लिए न आएँ और न काम करें; [26]परन्तु वे अपने भाई बन्धुओं के साथ मिलापवाले तम्बू के पास रक्षा का काम किया करें, और किसी प्रकार का सेवा-कार्य न करें। लेवियों को जो जो काम सौंपे जाएँ उनके विषय तू उनसे ऐसा ही करना।"**

**आयतें 5-8.** अध्याय 8 का दूसरा और सबसे बड़ा भाग, **लेवियों** और जिस कार्य के लिए वे अलग किए गए थे, से संबंधित है। इससे पहले इस पुस्तक में हमें बताया गया है कि (1) लेवियों की जनगणना में गिनती नहीं की गई थी, क्योंकि उनको परमेश्वर के लोगों के बीच विशिष्ट भूमिका निभानी थी (1:47-54; 2:33); (2) विशिष्ट लेवी गोत्र की व्यवस्था, गिनती और जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया है (3:1-39; 4:1-49); और (3) यह कि देश के पहलौठों के बदले लेवियों को परमेश्वर को अर्पण किया गया था (3:40-51)। यह अध्याय उनके कार्य के लिए उनका शुद्धिकरण कैसे किया गया और उनके बारे में अन्य जानकारियों का विश्लेषण करता है।

इसमें वर्णित संस्कार विधि के दो प्रश्नों का स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया है: (1) क्या यह एक बार शुद्धिकरण संस्कार था या फिर हर बार जब एक लेवी को परमेश्वर को समर्पित किया जाता था, तो ऐसा किया जाता था? इस अनुच्छेद से ऐसा ज्ञात होता है कि यह एक बार किये जाने वाला संस्कार था। (2) क्या सारे लेवी (पूरे 22,000; 3:39) इस शुद्धिकरण संस्कार में सम्मिलत किए गए थे और जब यह संस्कार किया जाता था तो क्या पूरी सभा इसे देखती थी? इसका विवरण अनिश्चित है, लेकिन इसकी संभावना है कि इस शुद्धिकरण संस्कार में दोनों सभा और लेवियों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते थे।

लेवियों को शुद्ध किए जाने का निर्देश परमेश्वर ने दिया था। उनको **पावन करने वाले जल** से शुद्ध करना था। उनके **वस्त्र** धोए जाने चाहिए थे, उनका **सर्वांग मुंडन** किया जाना चाहिए था, और उन्हें बलिदान चढ़ाने के लिए दो बछड़े दिए जाने चाहिए थे: **तेल से सने हुए मैदे के अन्नबलि समेत एक बछड़ा ... और ... पापबलि के लिए एक दूसरा बछड़ा**।

**आयतें 9-13.** तब **लेवियों** को **यहोवा** के सम्मुख **मिलापवाले तम्बू** और **इस्राएलियों की सारी मण्डली**, जिनको वहाँ **इकट्ठा** होना था, के सामने पहुँचाना था। इस अध्याय में चार बार यह कहा गया है कि लेवियों को **हिलाई हुई भेंट** करके यहोवा को अर्पण करना था (8:11, 13, 15, 21; 6:19, 20 की टिप्पणी देखें)। इस भाषा का सटीक अर्थ अस्पष्ट है। यह (1) लेवियों द्वारा पवित्र स्थान के आगे और पीछे एक प्रकार का झुकाव हो सकता है[3]; (2) याजक, लेवियों पर अपना हाथ रखकर यहोवा के सम्मुख उनको "हिलाता" होगा; (3) या कोई अन्य प्रकार का प्रतीकात्मक "हिलाना" हो सकता है। चूँकि एक भेंट जो हिलाई जाती थी और इस प्रकार वह यहोवा को अर्पण की जाती थी और उसको याजक खाते थे, तो लेवियों का "हिलाया जाना" यह दर्शाता है कि वे याजक की सहायता करने के लिए यहोवा को अर्पण किए जाते थे। जो भेंट हिलाई जाती थी, वह वेदी पर नहीं जलाई जाता था; इसलिए, लेवियों को "हिलाई जाने वाली" भेंट से संबंधित करने का यह आशय हो सकता था कि लेवियों को होमबलि के समान बलिदान नहीं किया जाना चाहिए था।[4]

लेवियों को "हिलाई जाने वाली" भेंट के रूप में यहोवा को अर्पण करने की प्रक्रिया में, मण्डली (संभवतः विभिन्न गोत्रों के प्रतिनिधियों) को उन पर **अपना हाथ** रखना था। अंत में, बछड़ों का बलिदान करने से पहले **लेवियों** को उसके सिर पर अपना हाथ रखना था, **प्रायश्चित करने को एक बछड़ा पापबलि और दूसरा होमबलि करके यहोवा के लिए चढ़ाना** था।

ये सारे कार्य इसलिए करने थे ताकि लेवी **यहोवा की सेवा करनेवाले ठहरें**। पापबलि और होमबलि, लेवियों के लिए पाप ढाँककर उनके लिए प्रायश्चित नहीं करता था। बल्कि, बलिदान के द्वारा उसी तरह उनका शुद्धिकरण किया जाता था, या रीति रिवाज के अनुसार उनको शुद्ध किया जाता था, जिस तरह निर्जीव वस्तु, जैसे वेदी या निवासस्थान शुद्ध किया जाता था (निर्गमन 29:36, 37; 30:10; लैव्य. 8:15; 14:53; 16:15-20; यहेज. 43:20, 26; 45:20) और फिर याजक शुद्ध ठहराए जाते थे (लैव्य. 8:34)। संभवतः ढकने का विचार जिसमें "प्रायश्चित" शब्द अन्तर्निहित था, यह संकेत करता है कि संस्कार के द्वारा शुद्धिकरण लेवियों और याजकों को "ढकेगा" और उनको निवासस्थान में सेवा करते समय यहोवा से नष्ट होने से सुरक्षित रखेगा।

**आयत 14.** लेवियों को क्यों शुद्ध करना था? परमेश्वर ने कहा कि उनको अन्य गोत्रों से **अलग करना** था क्योंकि वे उसके थे। **"और वे मेरे ही ठहरेंगे,"** उसने घोषणा की। "अलग करना" (בָּדַל, *बादल)* का अनुवाद "अलग ठहराना" या "भेद करना" भी किया गया है। यह अलग-अलग चीजों में भेद करने (लैव्य. 10:9, 10; 11:47;

20:25), समूह में से चुनाव करने (लैव्य. 20:24, 26; गिनती 8:14; 16:9), या अपने आपको अलग करने (एज्रा 6:21; 9:1; 10:11) के लिए भी प्रयोग किया गया है। *बादल,* अलग होने या "अलग करने" की अभिव्यक्ति व्यक्त करता है जो इस्राएली धर्म का केन्द्र बिंदु था। ऐसा ही दूसरा शब्द קָדַשׁ *(कादश)* है, जिसका अनुवाद "पवित्रकरण," "शुद्धिकरण," या "पवित्र करना" किया गया है (देखें 8:17)। इसके साथ ही अध्याय 6 में נָזַר *(नजर),* एक और शब्द है जिसका अनुवाद "अलग " किया गया है। लेवी के संतानों को अलग करना था जिसके कारण उनकी भूमिका परमेश्वर के अन्य लोगों की भूमिका से भिन्न **थी**।

**आयतें 15-18.** लेवियों को शुद्धिकरण और परमेश्वर को हिलाई हुई भेंट करके अर्पण करने के द्वारा **मिलापवाले तम्बू में सेवा टहल करने** के योग्य ठहराती थी। यह उनकी उचित भूमिका थी क्योंकि वे इस्राएल के पहलौठे के स्थान पर परमेश्वर को अर्पण किए गए थे। परमेश्वर ने कहा, **"वे इस्राएलियों में से मुझे पूरी रीति से अर्पण किए हुए हैं; मैं ने उनको सब इस्राएलियों में से एक एक स्त्री के पहिलौठे के बदले अपना कर लिया है।"**

इस्राएल के **पहलौठे** चाहे **मनुष्य या चाहे पशुओं के हों**, यहोवा के हैं क्योंकि **जब उसने मिस्र देश के सब पहलौठों को मार डाला था** तो उसने इस्राएलियों के पहलौठों को बचाया था। इस्राएलियों के हरेक परिवार के पहलौठों के बदले, परमेश्वर **ने** लेवियों को अपनी सेवा टहल कराने के लिए **पवित्र** (קָדַשׁ, *खादश)* **ठहराया** (3:12, 13)।

**आयत 19.** लेवियों को **हारून और उसके पुत्रों को इस्राएलियों में से दान करके दे दिया है, कि वे मिलापवाले तम्बू में इस्राएलियों के निमित्त सेवा-कार्य और प्रायश्चित किया करें, कहीं ऐसा न हो कि वह इस्राएली पवित्रस्थान के समीप आएँ तब उन पर कोई महाविपत्ति आ पड़े।** इस अनुच्छेद के अनुसार, तब, लेवियों ने (1) याजकों की सहायता की और (2) निवासस्थान की रक्षा की। निवासस्थान की रक्षा करना आवश्यक था क्योंकि यदि कोई अनाधिकृत व्यक्ति पवित्र वस्तुओं के सम्पर्क में आए तो न केवल उसकी मृत्यु होगी बल्कि पूरे समुदाय को भारी दुःख सहना पड़ेगाः "इस्राएलियों के बीच महाविपत्ति" आ पड़ेगी।

उन्नीसवीं आयत में, लेवियों को "इस्राएलियों की ओर से प्रायश्चित करने के लिए" कहा गया था। "प्रायश्चित करने" (כִּפֶּר, *किप्पर)* के लिए प्रयोग किए गए इब्रानी शब्द का अर्थ "ढक देना" भी हो सकता है। इस संदर्भ में इस शब्द का अर्थ, पापों के लिए प्रायश्चित करने के बजाय, लेवी लोग, लोगों को हानि से बचाने के लिए ढक देते थे। जॉन मार्श ने इस दृष्टिकोण का समर्थन किया हैः

> ... लेवी (याजकों के साथ मिलकर), लोगों को पवित्र वस्तुओं के सम्पर्क में आने से बचाते थे, जिसका इस कार्य के लिए तैयार न हुए लोगों के साथ घातक परिणाम हो सकता था। वे "स्क्रीन" या "ढके जाने वाले वस्तु" के समान थे, जो लोगों को महामारी की मार, जो किसी को भी बिना शुद्धिकरण के मिलापवाले तम्बू के समीप आने से प्रभावित कर सकता था, से बचाते थे।[5]

**आयतें 20-22.** यहोवा की आज्ञा का पालन किया गयाः **लेवियों** के विषय यहोवा की यह आज्ञा पाकर **मूसा और हारून और इस्राएलियों की सारी मण्डली** ने उनके साथ ठीक वैसा ही किया। इसके साथ ही, **लेवियों ने** तो अपने को **पाप से शुद्ध किया**, और ... **हिलाई हुई भेंट** के निमित्त **अर्पण किया**। हारून ने **उनके लिए प्रायश्चित भी किया**, इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस कार्य के लिए उसने दो बछड़ों को बलिदान किया होगा (8:6-12)। उसके बाद **मिलापवाले तम्बू में अपना अपना सेवा-कार्य करने गए**।

**आयतें 23-26.** अंत में, यहोवा ने लेवियों के सेवा टहल करने की समय सीमा निर्धारित करने की निर्देश जारी किया। जब वे **पच्चीस वर्ष** के हो जाएं तो अपनी सेवा आरंभ कर सकते थे और **पचास वर्ष** की अवस्था में **सेवानिवृत हो जाते थे**। जब सेवानिवृत हो जाएं, तब भी वे **अपने भाई बन्धुओं के साथ मिलापवाले तम्बू के पास रक्षा का काम** कर सकते थे। वे अन्य लेवियों को उनकी प्रतिज्ञा **पूरी** करने में सहायता कर सकते थे, लेकिन वे **काम नहीं कर सकते थे** - इसका संभवतः यह अर्थ है कि सेवानिवृति के पश्चात उन्हें भारी काम नहीं करना था।

यद्यपि 8:24 में उधृत संदर्भ के अनुसार, लेवी लोग अपना काम, "पच्चीस वर्ष" की अवस्था में आरंभ करते थे, लेकिन 4:3 में यह "तीस" वर्ष बताई गई है। इस अंतर को अलग-अलग तरीके से समझाने का प्रयास किया गया है। ऐसा हो सकता है कि पाँच वर्ष प्रशिक्षुता का समय रहा हो - अर्थात् लेवी लोग पच्चीस वर्ष की अवस्था में सेवा टहल आरंभ करते थे, लेकिन जब तक उनकी आयु तीस वर्ष की नहीं जाती थी, तब तक वे लेवी पद के सभी काम नहीं कर सकते थे।[6] इसकी संभावना है कि "पच्चीस वर्ष" (8:24) पहले उधृत व्यवस्था को दर्शाता हो, चूँकि यह उस समय को संबंधित करता है जब निवासस्थान खड़ा किया गया था। बाद में, लेवियों की गिनती की गई (3:39), जिससे यह स्पष्ट हुआ होगा कि लेवियों की संख्या अनुमान से अधिक रही होगी। सेवा टहल की आयु "तीस" (4:3) तक बढ़ाने से सेवा टहल करने वाले लेवियों की संख्या 20 प्रतिशत तक घटी होगी।[7]

इसमें एक बड़ी रोचक बात यह है कि बाद की आयतें, लेवियों के सेवा टहल की आरंभिक आयु "बीस" वर्ष बताती है (1 इतिहास 23:24; 2 इतिहास 31:17; एज्रा 3:8)। नीति में यह परिवर्तन दाऊद ने स्थापित किया होगा।

## अनुप्रयोग

### "उजियाला हो" (8:1-4)

दीपक का उद्देश्य पवित्र स्थान में उजियाला करना था। इसलिए, हारून को उसे ऐसा स्थापित करने के लिए कहा गया था कि "दीपकों का प्रकाश दीवट के सामने हो" (8:2)। परमेश्वर ने जगत के लिए ज्योति बनाई (उत्पत्ति 1), और यीशु "जगत की ज्योति" बनकर आया (यूहन्ना 8:12)। आज परमेश्वर चाहता है कि उसके पवित्र स्थान, कलीसिया में ज्योति हो। यह ज्योति परमेश्वर के प्रेरणा स्रोत वचन (दोनों पुराने और नये नियम) से होती है, जो "उपदेश, और समझाने, और सुधारने,

और धार्मिकता की शिक्षा के लिए लाभदायक है" और परमेश्वर के लोगों को हरेक भले काम के लिए तैयार करता है (2 तीमु. 3:16, 17; देखें भजन 119:105)।

दीवट से ज्योति को इस प्रकार स्थापित किया गया था ताकि वह रोटी रखने वाली मेज को ज्योति दे सके, बारह रोटी इस्राएल के बारह गोत्रों को दर्शाती है। चूँकि ज्योति और आग परमेश्वर की उपस्थिति का प्रतीक है, तो दीपकों की स्थापना "परमेश्वर की दृष्टिगत् इच्छा कि उसके लोग लोग निरंतर उसकी उपस्थिति में रहें और उसके याजकों द्वारा मिलने वाली अशीषों का आनंद उठाएं।"[8] इस भाग को प्रतीकात्मक रूप से जो 6:23-27 की पुष्टि करता है, की अभिव्यक्ति के रूप में देखा जा सकता हैः "इस प्रकार वे मेरा नाम इस्राएल के लोगों के बीच बोलेंगे, और मैं उन्हें आशीष दूँगा।"[9]

### "नमूना के अनुसार" (8:4)

गिनती 8:4 कहता है कि "जो नमूना यहोवा ने मूसा को दिखलाया था उसी के अनुसार उसने दीवट बनाया" (देखें निर्गमन 25:9, 40)। जिस प्रकार मूसा ने "नमूना के अनुसार" निवासस्थान और उसका सामान बनाया था (इब्रा. 8:5), उसी तरह आज, कलीसिया को प्रथम सदी कलीसिया को प्रेरितों द्वारा दिए गए नमूना का अनुसरण करना चाहिए। जो कलीसिया, नये नियम की कलीसिया के समान - आराधना, संरचना, और सिद्धांतों - के अनुसार है, उसी कलीसिया को परमेश्वर की स्वीकृति का आश्वासन हो सकता है।

### सेवानिवृति (8:23-26)

लेवी लोग "जब पचास वर्ष के हों तो फिर उस सेवा के लिए न आएँ और न काम करें" (8:25)। संभवतः यह यह प्रकट करता है कि लेवियों का काम बड़ा भारी था और जवानों के समान मजबूत कंधे व तीव्र प्रतिक्रिया की आवश्यकता थी। जो भी हो, ऐसा लगता है कि यह व्यवस्था सेवानिवृति **के** सिद्धांत को स्वीकृति प्रदान करता है। यह यह सुझाव प्रस्तुत करता है कि मसीही लोग कठिन परिश्रम से दोषी हुए बिना सेवानिवृत हो सकते हैं। यह कहना कि एक मसीही सेवानिवृत हो सकता है, इस बात से भिन्न है कि उसे सेवानिवृत *होना चाहिए।* यदि लोग सेवानिवृत न हुए तो वे दीर्घायु, अधिक स्वस्थ, और अधिक उत्पादक जीवन जी सकते हैं। कुछ मसीही लोग संसारिक नौकरी से सेवानिवृत होकर प्रभु की पूर्णकालीन सेवा में लग जाते हैं। निस्संदेह, किसी को भी प्रभु की सेवा से सेवानिवृत नहीं होना चाहिए। जबकि एक मसीही की भूमिका कि वह - कलीसिया में कैसे सेवा करता है - गुजरते समय के साथ बदल सकता है, तो ऐसा कोई समय नहीं आना चाहिए जब वृद्ध शिष्य यह माने कि वह कलीसिया की सेवा में सहयोग न देकर न्यायोचित कर रहा है। वृद्ध मसीही लोग विश्वायोग्य सेवा से सेवानिवृत होकर पूरी तरह से आरामदायक जीवन जीने के लिए न्यायोचित नहीं ठहराए जा सकते हैं।

समाप्ति नोट्स

[1]डेनिस टी. ओल्सन, *गिनती,* इंटरप्रिटेशन (लुइसविले: जॉन नॉक्स प्रेस, 1996), 48. [2]सी. एफ़. कैल एन्ड एफ़. डलेच, *द पेन्टाटुक,* वोल. 3, ट्रांसलेटर जेम्स मार्टिन, बिब्लिकल कमेन्ट्री ओन द ओल्ड टेस्टामेन्ट (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी तिथि अज्ञात), 46. [3]उपरोक्त, 48. [4]रोनॉल्ड बी. एल्लन, “गिनती,” *एक्सपोजीटर्स बाइबल कमेंट्री,* वॉल्यूम 2, *उत्पत्ति-गिनती,* संपादक फ्रैंक ई. गैबलीन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः जॉडरवैन पब्लिशिंग हाऊस, 1990), 767. [5]जॉन मार्श एण्ड अलबर्ट जॉर्ज बुत्जर, “द बुक आफ गिनती,” *दि इंटरप्रेटर्स बाइबल,* सम्पादक जॉर्ज आर्थर बटरिक (नैशविलः अबिंगदन प्रेस, 1953), 2:183-84. [6]आर. के. हैरिसन, *गिनती: एन एक्सेजेटिकल कमेंट्री* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1992), 81. [7]गॉर्डन जे. वेनहैम, *गिनती,* द टिंडेल ओल्ड टेस्टामेंट कमेंट्रीज (डाउनर्स ग्रोव, इलनॉयसः इंटर-वर्सिटी प्रेस, 1981), 97-98, नम्बर 2. [8]उपरोक्त, 95. [9]उपरोक्त।